प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर
दिनांक : 12.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..................

श्री सी पी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, पीयूष गोयल और नितिन गडकरी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। श्री राधाकृष्णन ने इस महीने की नौ तारीख को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी। एन डी ए उम्मीदवार राधाकृष्णन को 452 वोट मिले। उन्होंने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों से हराया था।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में ज्ञान भारतम् अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। वे पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुँच में तेज़ी लाने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ज्ञान भारतम् पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। तीन दिवसीय यह सम्मेलन कल "पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत की ज्ञान विरासत को पुनः प्राप्त करना" विषय पर शुरू हुआ। इस सम्मेलन में भारत की अद्वितीय पांडुलिपि संपदा को पुनर्जीवित करने और इसे वैश्विक ज्ञान संवाद के केंद्र में रखने के उपायों पर विचार—विमर्श करने के लिए प्रमुख विद्वान, संरक्षणवादी, प्रौद्योगिकीविद और नीति विशेषज्ञ एक मंच पर आए हैं।

...................

प्रदेश में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। ये अदालत उच्च न्यायालय, जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ और राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों और अन्य अधिकरणों में लगाई जाएगी। उच्च न्यायालय, जोधपुर में न्यायाधिपति डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी और जयपुर पीठ में न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा लोक अदालत का शुभारम्भ करेंगे। प्रदेशभर में कुल 498 बैंच बनाई गई हैं, जिनमें नौ लाख से अधिक मामलों को सुनवाई के लिए रैफर किया गया है। इन अदालतों में समझाइश और राजीनामे के माध्यम से मामलो के निस्तारण का प्रयास किया जायेगा। लोक अदालत को लेकर आमजन और पक्षकारों में उत्साह देखा जा रहा है।

.........................

चुनाव आयोग आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों के मीडिया और संचार अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि देश में चुनाव संविधान के अनुसार होते हैं।

.......................

सक्षम जयपुर अभियान के तहत विशेष योग्यजन और बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आज विशेष शिविर लगाए जा रहे है। राज्य सरकार की बजट घोषणा तथा केंद्र की राष्ट्रीय वयोश्री योजना और एडीआईपी योजना के अंतर्गत इन शिविरों में पात्र लाभार्थियों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराए कराये जा रहे है। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने निर्देश दिए हैं कि हर पात्र व्यक्ति तक राहत पहुँचे। उन्होंने लोगों से शिविरों में पहुँचकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

.......................

राजस्थान पुलिस कांस्टेबल परीक्षा 2025 कल और परसों आयोजित की जायेगी। दस हजार पदों के लिए की जा रही इस भर्ती परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए

उत्तर पश्चिम रेलवे विशेष रेल गाडियां चलायेगा। श्रीगंगानगर से खातीपुरा जयपुर के लिए एक रेलगाडी आज शाम को छह बजे रवाना होगी और कल सुबह साढे पांच बजे जयपुर पहुँचेगी। वापसी मे ये गाडी परसों शाम चार बजकर चालीस मिनट पर जयपुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह पाँच बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। यह ट्रेन हनुमानगढ़, चुरू, सीकर और रींगस सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी।

..................

प्रदेश में बारिश का दौर थमने के साथ ही मौसम में नमी बढ़ गई है। कल प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहा। दिन में तेज धूप और साफ आसमान के बीच श्रीगंगानगर, बीकानेर, फलोदी और पिलानी में अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम केंद्र जयपुर ने अगले दो सप्ताह का पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि 16 सितंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद 17 सितंबर से मानसून फिर से सक्रिय होगा और कोटा और उदयपुर संभाग के जिलों में बारिश की गतिविधियां शुरू हो सकती हैं।

.........................